राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वाराणसी में 'संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी' द्वारा निर्मित 'संजीवनी थैरेपी सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन' का लोकार्पण किया

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और क्षमता विकास के लिए हो अधिकाधिक कार्य- राज्यपाल

जयपुर/वाराणसी, 10 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि दिव्यांग बच्चों में दिव्य गुण निहित होते हैं। उन्हें शिक्षा और प्रतिभा निखारने के समुचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को वाराणसी में 'संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी' द्वारा निर्मित 'संजीवनी थैरेपी सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन' का लोकार्पण करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं।

श्री मिश्र ने 'संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी' द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे केंद्र अन्य क्षेत्रों में भी खुलने चाहिए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सभी स्तरों पर सक्षम बनाने के लिए भी कार्य किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने संविधान की चर्चा करते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी नागरिक सचेत रहें। उन्होंने आरंभ में संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इससे पहले सोसायटी के महासचिव डॉ. विद्यासागर पाण्डेय ने संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसायटी और थेरेपी सेंटर के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को केन्द्र में रखकर किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

संजीवनी सोशल वेलफेयर सोसाइटी,
द्वारा संचालित
"संजीवनी संस्थान"
दिव्यांगों के लिए थेरेपी, ट्रेनिंग, रिहैबिलिटेशन एवं आजीविका
का लोकार्पण
श्री कलराज मिश्र
माननीय राज्यपाल, राजस्थान
के कर कमलों द्वारा
शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2081 बुधवार 10 अप्रैल,
को सम्पन्न हुआ।